दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 110 मुरादाबाद 14 August 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## कामनवेल्थ गेम्स के दल से मिले पीएम मोदी, कहा- एथलीटों ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को किया मजबूत




नई दिल्ली- हाल ही में संपन्न राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय एथलीटों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि एथलीटों ने न केवल देश के लिए पदक जीते बल्कि एक भारत की भावना को मजबूत किया। श्रेष्ठ भारत और हर क्षेत्र में युवाओं को प्रेरित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर बर्मिंघम में संपन्न हुए राष्ट्रमंडल खेलों के सभी पदक विजेताओं से बातचीत की। एथलीटों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत से पहले, मैंने आपसे कहा था और आपसे एक तरह से वादा किया था कि जब आप वापस आएंगे तो हम एक साथ विजयोत्सव मनाएंगे। मुझे विश्वास था कि आप विजयी होकर वापस आएंगे। मुझे खुशी है कि आप सभी ने परिवार के सदस्यों के रूप में मेरे आवास पर मुझसे मिलने के लिए अपने कार्यक्रम में से समय निकाला है। मैं, अन्य सभी भारतीयों की तरह, आपसे बात करने में गर्व महसूस करता हूं। मैं आप सभी का स्वागत करता हूं।आप देश को न केवल पदक देते हैं, न केवल जश्न मनाने का मौका देते हैं, गर्व कराते हैं बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को भी मजबूत करते हैं। आप देश के युवाओं को न केवल खेल में बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में देश ने खेल के क्षेत्र में दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने पहली बार देश में शतरंज ओलंपियाड का आयोजन किया है। पीएम ने कहा कि यह गर्व की बात है कि एथलीटों की कड़ी मेहनत और प्रेरक उपलब्धि से देश आजादी का अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, मुक्केबाजी हो, जूडो हो, कुश्ती हो, जिस तरह से बेटियों का दबदबा है, वह अद्भुत है। इस बार हमने पिछली बार की तुलना में चार नए खेलों में जीत हासिल की है। लान बाउल से लेकर एथलेटिक्स तक, अभूतपूर्व प्रदर्शन हुआ है। इस प्रदर्शन से देश में नए खेलों के प्रति युवाओं की रुचि काफी बढ़ने वाली है। पीएम मोदी ने कहा, आप सभी वहां प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, लेकिन करोड़ों भारतीय आपको यहां देख रहे थे। देर रात तक आपकी हर हरकत पर नजर रखी जा रही थी। आपके प्रदर्शन को देखने के लिए कई लोग अलार्म लगाकर सो गए। उन्होंने कहा कि देश ने न केवल सफलतापूर्वक शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी की बल्कि शतरंज में अपनी समृद्ध परंपरा को जारी रखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। पीएम ने कहा, मैं शतरंज ओलंपियाड में भाग लेने वाले और पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को भी बधाई देता हूं। यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री ने बर्मिंघम में शानदार प्रदर्शन के बाद राष्ट्रमंडल खेलों के विजेताओं के साथ मिलकर बातचीत की। पीएम मोदी ने पहले ही देश के लिए मेडल जीतने वाले हर एथलीट को शुभकामनाएं दी थीं। इस कार्यक्रम में पदक जीतने के बाद भारतीय एथलीटों को बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल का रुख किया था।28 जुलाई से 8 अगस्त तक, लगभग 200 भारतीय एथलीटों ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 16 विभिन्न खेलों में पदक के लिए प्रतिस्पर्धा की। भारत ने अपने राष्ट्रमंडल खेल 2022 अभियान को 61 पदक (22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य) के साथ चौथे स्थान पर समेटा। कुश्ती ने छह स्वर्ण सहित 12 पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि भारोत्तोलन में 10 पदक शामिल थे। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने भी इतिहास रचा था क्योंकि उन्होंने रजत पदक जीता था। राष्ट्रमंडल खेलों 2022 का समापन सोमवार को बर्मिंघम के अलेक्जेंडर स्टेडियम में एक शानदार समापन समारोह के साथ हुआ। राष्ट्रमंडल खेलों का झंडा विक्टोरिया के गवर्नर को भेंट किया गया। विक्टोरिया राज्य, आस्ट्रेलिया 2026 में राष्ट्रमंडल खेलों का अगला मेजबान होगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रध्वज फहराकर
## हर घर तिरंगा आभियान का किया शुभारंभ



लखनऊ-हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा, मन में राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छा और वंदेमातरम, भारत माता की जय के ओजस्वी नारों से गुंजायमान वातावरण कुछ ऐसा ही दृश्य आज मुख्यमंत्री आवास परिसर में रहा, जहां आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर 13-15 अगस्त तक आयोजित हर घर तिरंगा अभियान की औपचारिक शुरुआत हो रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूली बच्चों के हाथों में तिरंगा सौंपा तो बच्चों के गर्व और खुशी मिश्रित भाव वाले चेहरे देख लगा मानो नई पीढ़ी अपनी महती जिम्मेदारियों का अहसास कर रही हो।तिरंगा देते हुए मुख्यमंत्री ने बालक-बालिकाओं से उनका परिचय पूछा और आजादी के अमृत महोत्सव के मायने बताए। सीएम ने बच्चों की प्रभात फेरी को हरी झंडी भी दिखाई। मुख्यमंत्री योगी के स्वर में स्वर मिलाकर भारत माता की जयकार लगाते स्कूली बच्चों का उल्लास चरम पर था। सीएम योगी की ओर से सभी बच्चों को उपहार भी दिए गए।बता दें कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13-15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया गया है। इसके तहत सभी सरकारी, निजी, वाणिज्यिक भवनों पर लोग स्वत: स्फूर्त भाव से राष्ट्रध्वज फहरा रहे हैं। अभियान के तहत प्रदेश में 4.5 करोड़ ध्वज फहराये जाने का अनुमान है।आजादी के अमृत महोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूली बच्चों के साथ हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री आवास भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने बच्चों की तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हाथों में तिरंगा लहराते हुए नजर आए। सीएम योगी ने ये भी कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत बच्चों को राष्ट्रध्वज सौंपे जाएंगे। बता दें कि सीएम योगी ने यूपी में 4.5 करोड़ राष्ट्रीय ध्वज फहराने का लक्ष्य तय किया है।आज से 14 और 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान चलेगा। यूपी सरकार का प्रयास है कि राष्ट्र गौरव के इस पर्व में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी हो। प्रदेश की योगी सरकार ने सर्वाधिक आबादी वाले राज्य की जिम्मेदारी को समझते हुए साढ़े चार करोड़ आवासीय, अनावासीय भवन, सरकारी-गैर सरकारी कार्यालय, संस्थाओं आदि के भवनों पर फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जन-जन तक राष्ट्रीय ध्वज पहुंचाने के लिए सरकार ने इनकी खरीद की व्यवस्था भी तय कर दी है।हर घर ति?रंगा अभि?यान का असर भी देखने को मिल रहा है। लोग खुद ही अपने घरों की छत पर ति?रंगा फहरा रहे हैं। प्रदेश के अधिकतर जिलों में लोगों ने 10 अगस्त से ही अपने घरों की छत पर तिरंगा फहराना शुरु कर दिया था। हर घर तिरंगा अभियान में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों को 17 अगस्त को लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर देश 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मना रहा है। स्वतंत्रता सप्ताह के तहत जिलों में मनाए जाने वालो कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सैन्य बल, केंद्रीय पुलिस बल और पुलिस विभाग के बलिदानियों के स्वजन को सम्मानित किया जाएगा। कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन होगा

# जीपीएम चयन ट्रायल सम्पन्न 19अगस्त से राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बिलासपुर में लेंगे हिस्सा

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही/ छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ और जिला एथलेटिक्स संघ जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा एथलेटिक्स का चयन ट्रायल 7 अगस्त को फिजिकल कॉलेज पेंड्रा में सम्पन्न हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लगभग 180 एथलीटों ने अलग अलग वर्गों में हिस्सेदारी की इस एथलेटिक्स चयन ट्रायल में विभिन्न वर्गों के अंतर्गत 14 ,16,18,20 ,23 व 23 से अधिक वर्ष आयु वर्ग के बालक बालिका का चयन किया जाना था इसमे दौड़ ( 100 मी 200 मी 400मी 600मी 800 मी 1500 मी 3000मी 5000 मी व 10000 मी व हर्डल ) कूद ( लम्बी कूद ऊंची कूद बांस कूद )और फेक( गोला भाला तवा हैमर ) की विभिन्न विधाओं का ट्रायल हुआ और लगभग 60 एथलीट राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए जो कि 19 से 21 अगस्त 2022 तक बहतराई बिलासपुर में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे । चयनित खिलाड़ियों को 18अगस्त शाम तक आयोजन स्थल पर रिपोर्टिंग करना होगा उसके पूर्व हर चयनित खिलाड़ी को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की यू आई डी बनाना अनिवार्य होगा जिसे संघ के पदाधिकारी के सम्पर्क के माध्यम से बनाया जा सकता है ये यू आई डी न होने पर एथलीट प्रतियोगिता में हिस्सेदारी नही कर पाएंगे ।नवीन जिला जीपीएम बनने के बाद पहली बार एथलेटिक्स का चयन ट्रायल इतने वृहद स्तर पर हुआ

जिले में एथलेटिक्स के प्रति खिलाड़ियों में इतनी रुचि को देखते हुए जिला संघ ने ये तय किया है कि जो भी एथलीट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल लेकर आएगा जिला एथलेटिक संघ जिला जीपीएम उन्हें प्रोत्साहन व सम्मान विशेष कार्यक्रम करते हुए देगा जिससे ये जिले के खिलाड़ी तेजी से क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए अपने हुनर का प्रदर्शन करें । जिला एथलेटिक्स संघ के इस चयन ट्रायल को सम्पन्न कराने के लिए सभी पदाधिकारी जिसमे टीकादास मरावी प्रदीप यादव विक्रांत सिंह संजय कैवर्त राजेश यादव प्रमोद धीवर डी एस दाउ निशांत सिंह त्रिभुवन गोयल सहित फिजिकल कॉलेज के प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे सभी चयनित खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए पवन सुल्तानिया संरक्षक जिला एथलेटिक्स संघ सुशील मिश्रा अध्यक्ष जिला एथलेटिक्स संघ व नागेन्द्र सिंह सचिव जिलाएथलेटिक्स संघ जीपीएम शुभकामना दी और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।





# आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रभा सनराइज एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के छात्र छात्राओं ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

## लोगों से किया अपने घरों पर तिरंगा लहराने का आग्रह : डॉ0 अंजूबाला



प्रद्युम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कानपुर/बिल्हौर- पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है हर घर तिरंगा अभियान के तहत केंद्र और राज्य सरकारें राष्ट्रभक्ति का भाव जगाने के लिए तत्पर है, ऐसे में शिक्षण संस्थान भी अपनी जिम्मेदरियों का निर्वहन करते दिख रहें है शनिवार को जीटीरोड किनारे स्थित प्रभा सनराइज एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में केंद्रीय अनुसूचित आयोग की सदस्य एवं मिश्रिख लोकसभा से पूर्व सांसद रह चुकी डॉक्टर अंजूबाला जी, ने आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर शिक्षण संस्थान द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की जमकर प्रशंसा की एवं कहा हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी का अहसास होना चाहिए, डॉ0अंजूबाला की मौजूदगी में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई,जो कि विद्यालय परिसर से लेकर निकट माँ गायत्री बालिका विद्यालय बिल्हौर तक निकाली गई, इस तिरंगा यात्रा में वाहनों पर मौजूद छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुति की गई झाँकियाँ आकर्षण का केंद्र बनी रही, छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया एवं जय हिंद , वंदे मातरम और भारत माता की जयकारों से कस्वा गुंजायमान होता रहा,इस दौरान पुलिस प्रसासन ने व्यवस्था बनाये रखी, डॉ0 अंजूबाला ने बताया कि तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य गाँव एवं आसपास के निवासियों में राष्ट्रीय तथा देशभक्ति की भावना को जागृत करना है एवं लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा लहराने की लिए प्रेरित करना भी है,उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि सभी लोग अपने अपने घरों पर 15 अगस्त पर तिरंगा लहराए, प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक राजू कटियार,प्रधानाचार्य मनोज दीक्षित, एवं पूर्व जिलापंचायत सदस्य अश्वनी कटियार, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रामशरण कटियार,रामनरेश ,कैलाश नारायण कटियार, अनुज अवस्थी, सोमू सैनी ,मनोज कटियार, रमेश समेत समस्त शिक्षक शिक्षिकायें एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे। एवं शनिवार को कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला व बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर की अगुवाई में तिरंगा यात्रा चौबेपुर स्थित छप्पर कालेज ग्राउंड से लेकर बीआरडी कालेज ग्राउंड बिल्हौर तक निकाली गई व कार्यकर्ताओ ने इस तिरंगा यात्रा में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया, इस दौरान मोहित शुक्ला, राजेन्द्र कटियार, ललित बच्चा सोनकर, अश्वनी कटियार, सोमू सैनी, अनुज अवस्थी, बृजेश कटियार श्याम जी कटियार ( मंडल अध्यक्ष बिल्हौर ग्रामीण ), महेंद्र कुमार, प्रद्युम्न कटियार मंडल संयोजक आईटीसेल बिल्हौर ग्रामीण, राजकुमार सिंह भदौरिया, मनोज कटियार, पिंकी कटियार,स्वपनेस तिवारी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। एवं बिल्हौर में स्थित लक्ष्मी नारायण स्कूल के छात्र छात्राओं ने शिक्षक/शिक्षिकाओं की अगुवाई में शनिवार को नगर में तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया ।

# भाजपा को यात्रा के लिए नही मिल रहे कार्यकर्ता इस लिए लगा रहे आरोप

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- नगर पंचायत पेंड्रा के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता पंकज तिवारी ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में बीजेपी अब नाम मात्र को बची है उसके पास कार्यकर्ताओं की भारी कमी है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश नेतृत्व के आह्वान के बाद भी ये लोग तिरंगा यात्रा निकालने में असमर्थ रहे है वही प्रदेश की जनहितैसि कांग्रेस की सरकार के मुखिया भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा निकाल रहे है जिसे आम जनमानस का भी साथ मिल रहा है उन्होंने बताया की जीपीएम ज़िला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पेंड्रा दुर्गा मंदिर से निकलकर बचरवार तक हुई कांग्रेस की भारत जोडो तिरंगा पदयात्रा के समापन पर उनके ऊपर कुछ बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा के अपमान करने का आरोप लगाया जो सरासर झूठा और कूटरचित है जिस समय ये लोग तिरंगे के अपमान का आरोप लगा रहे है उस समय तिरंगा उनके हाथ में है ही नही जिसकी फ़ोटो सहित इसे कूटरचना कर प्रकाशित करने वाले पुष्पेंद्र त्रिपाठी एवं अन्य लोगो के ख़िलाफ़ थाने में शिकायत कर उन सभी को क़ानूनी नोटिस भेजने की तैयारी है पुरे देश मे भाजपा द्वारा कभी हिन्दू मुस्लिम के नाम से बांटा जाता है तो कभी राष्ट्रवाद का झूठा ढोंग और प्रपंच रच कर सत्ता हथियाने की कोशिश की जाती है किन्तु बघेल के नेतृत्व मे मुद्दा विहीन पार्टी को आने वाले समय मे जनता फिर से नकार देगी जिसके डर से ये सब किया है।





# अलग अलग सड़क हादसों में दंपति समेत आठ घायल, तीन रेफर

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार, शाहजहांपुर- अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दंपति समेत आठ लोग घायल हो गए, पुवायाँ थाना क्षेत्र के गांव गंगसरा में रहने वाले संजीव कुमार बलमिया बढ़खर थाना मोहम्मदी निवासी अपने साले के बेटे रंजीत कुमार के राखी बंधवाने अपनी बहन के घर चतुरपुर गए थे, वहां से वह चांदपुर किसी कार्य से चले गए, शाम 7–25 बजे के करीब जब वह बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक को सामने से आ रही एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए,उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। इसी तरह क्षेत्र के गांव मुरादपुर निवासी प्रीतम तिवारी अपने रिश्तेदार धनसिंहपुर निवासी अक्षय पाण्डेय के साथ बाइक से खुटार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कैंटीन चलाने वाली अपनी बहन से राखी बनवाने आए थे। तभी पूरनपुर रोड पर ग्राम कुंइया के पास इसी ग्राम का निवासी पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करने वाले 59 वर्षीय गिरवर की बाइक उनकी बाइक से टकरा गई, जिससे तीनों घायल हो गए, तीनों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया ,जहां उनका उपचार किया गया। इसी तरह लखीमपुर खीरी के थाना गोला के मोहल्ला निवासी कमल अवस्थी अपने 3 वर्षीय बेटे पत्नी स्वाति अवस्थी के साथ बाइक से खुटार के मोहल्ला देवस्थान निवासी बोनी शुक्ला के घर ससुराल में पत्नी को राखी बनवाने के लिए लाए थे,शाम 7–30 बजे के करीब जब वह पत्नी बेटे के साथ बाइक से वापस जा रहे थे, तभी गोला रोड पर जंगल में रोड के किनारे खड़े ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई,जिससे कमल और स्वाति घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है।

# Moradabad MP ST Hasan बोले, सपा के 70 सांसद जीते तो Akhilesh Yadav होंगे प्रधानमंत्री पद के दावेदार





मुरादाबाद- मुरादाबाद के समाजवादी पार्टी के सांसद डा. एसटी हसन कहना है कि सपा की सीटें 70 से अधिक होंगी तो हमारी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी पीएम पद के लिए दावेदार हो सकते हैं। वह प्रधानमंत्री पद के लिए पूरी तरह से परफेक्ट हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए से अलग होते ही विपक्ष के प्रधानमंत्री के दावेदारों पर भी चर्चा होने लगी है। नीतीश कुमार को अगले प्रधानमंत्री के दौड़ में शामिल होने की बात शुरू हो गयी है। इनके अलावा बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एनसीपी के नेता शरद पवार का नाम भी प्रधानमंत्री की रेस में शामिल हैं।सपा सांसद ने कहा कि पांच साल यूपी की सत्ता की जिम्मेदारी अखिलेश यादव ने बखूबी से निभाई है। विपक्ष में अलग प्रधानमंत्री का दावेदारों के सवाल पर पहले तो सांसद एसटी हसन कहने लगे अखिलेश यादव जी अभी प्रधानमंत्री पद के लिए रेस में नहीं हैं। लेकिन, अगर सपा के सांसदों की संख्या अधिक हुई तो फिर अखिलेश यादव ही पीएम की रेस में सबसे आगे रहेंगे।उन्होंने कहा कि सपा उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में भी लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारेगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि पूरे विपक्ष को एक साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए। इससे विपक्ष मजबूत होगा। यदि सरकार बनाने लायक प्रत्याशी जीतकर आए तो प्रधानमंत्री का नाम तय कर लेंगे।

## 2024 में मिलेगा नया प्रधानमंत्री

सपा सांसद ने कहा कि भाजपा गैर कानूनी तरीके से नीतीश कुमार की पार्टी के विधायकों को लालच देकर अपने पक्ष में रखना चाहती थी। लेकिन, उनका मकसद पूरा नहीं हो सका। कहने लगे कि मैं अभी इतनी बड़ी तो राजनीति नहीं करता हूं लेकिन, 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद देश को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। यूपी में भाजपा से सपा का ही मुकाबला है। इसलिए दूसरे दलों को अन्य प्रदेशों में मेहनत करनी चाहिए। इससे पहले अखिलेश यादव ने 2024 में नीतीश कुमार की उम्मीदवारी के सवाल को टाल दिया था। अखिलेश ने जवाब देते हुए कहा, मैं इतनी बड़ी राजनीति तो नहीं करता हूं। लेकिन, 2024 में देश को एक चेहरा जरूर मिलेगा। वह चेहरा कौन होगा, मैं नहीं जानता। लेकिन चेहरा मिलेगा जरूर। बीजेपी को अगर रोका जा सकता है तो प्राथमिक तौर पर उत्तर प्रदेश से ही हो सकता है। यूपी में सपा ही बीजेपी का मुकाबला करेगी। क्योंकि यहां कई दल ऐसे हैं, जो बीजेपी से ही मिले हुए हैं। ऐसे दलों के नेताओं को भी जनता ने सबक सिखाने का फैसला कर लिया है।

## बिलारी में कुश्ती में कांस्य पदक जीतने वाली पलक सम्मानित

मुरादाबाद- हजरतनगर गढ़ी गांव में चौधरी चंद्रशेखर मलिक के आवास पर अखिल भारतीय जाट महासभा की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में नाम कमाने वाली जाट समाज की पलक मलिक को सम्मानित किया गया। शनिवार को बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जाट समाज की बेटियों ने प्रतियोगिता में कई पदक जीतकर जाट समाज का नाम रोशन किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी सूरज सिंह, जिला अध्यक्ष चौधरी देवेंद्र सिंह,तहसील अध्यक्ष सुखवीर सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली जाट समाज की पलक मलिक को प्रशस्ति पत्र देकर पगड़ी पहनाकर व फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं उनके माता-पिता को भी बधाई दी। इसके अलावा बेटियों को पढ़ाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में चौधरी देवेंद्र सिंह, सूरज सिंह, सुखबीर सिंह, सुरजीत सिंह, राजपाल सिंह ,ओंकार सिंह, हरपाल सिंह, राजवीर सिंह, चंद्रशेखर मलिक, संजीव मलिक, ओमवीर सिंह, रणवीर सिंह ,बलवीर सिंह,प्रदीप सिंह,लाखन सिंह, चंद्रपाल सिंह, अरविंद सिंह, पिंटू सिंह,हरपाल सिंह, विजय पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## ठाकुरद्वारा में अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा चालक को कुचला, मौत

मुरादाबाद-नगर निवासी ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। घर वापस लौटते समय अज्ञात वाहन ने उसे कुचल डाला। इससे युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। नगर के मोहल्ला वैश्य समाज गली हीरालाल के निकट निवासी विकास रुहेला ई-रिक्शा चलाकर परिवार की गुजर-बसर करता था। वह प्रतिदिन काशीपुर पहुंचकर रिक्शा चलाता था। रात को काशीपुर में ई-रिक्शा खड़ी कर बस से घर वापस आता था। शुक्रवार की देर रात विकास रुहेला घर आने के लिए उत्तराखंड के काशीपुर में जसपुर बस स्टैंड पर सड़क के किनारे खड़ा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। इससे विकास की मौके पर ही मौत हो गई। विकास की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार की सुबह उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसकी मां प्रेमवती और दो बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

www.knlslive.com

## बिलारी में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निकाली गई रैलिया

मुरादाबाद-आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्कूलों में बच्चों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर तिरंगा रैली निकाली। लोगों को तिरंगे के सम्मान के प्रति जागरूक किया। हरि मंगल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने तिरंगा जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान तिरंगा वितरण कार्यक्रम भी हुआ स्वयंसेवकों ने वीर शहीदों का इतिहास बताया। इस मौके पर प्रबंधक अजय यादव, प्रधानाचार्य आरके रंजन के अलावा अनेकों सुरेंद्र चौहान ,शंकर सिंह, डॉक्टर रश्मि सिंह,रजत जैन,रोहित कुमार,बुशरा नईम निर्मला यादव,मोहम्मद नदीम अहमद राजवीर सिंह, मनोज यादव ,मोहित यादव आदि रहे। एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चे बिलारी के कोतवाली पर एकत्र हुए। यहां से रैली चौक ,होली चौक आदि होते हुए रैली निकाली और लोगों में देशभक्ति की भावना को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य संयोग वशिष्ठ के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा के विषय में स्कूली बच्चों को बधाई दी गई। ,आदित्य कुमार ,विष्णु देव ,मोहित कुमार, जय सिंह, नेहा पाल, जितेंद्र पाल, महेश, लल्लू आदि मौजूद रहे।

# आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव पर वार्ड 58 मकबरा कैद वाली मस्जिद से निकाली गई तिरंगा





मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव पर वार्ड 58 मकबरा कैद वाली मस्जिद से निकाली गई तिरंगा यात्रा मुख्य मार्गो से होकर थाना कटघर परिसर में संपन्न हुई रैली थाने में पहुंचते ही मेरा भारत महान हिंदुस्तान जिंदाबाद वंदे मातरम वंदे मातरम भारत माता की जय भारत माता की जय थाना परिसर में नारे गूंज उठे जिसमें शहर वे वार्ड के गणमान्य लोग भारी संख्या में शामिल हुए दिलशाद हुसैन अनवर मनसूर प्रवेश कमाल अहमद हाजी ताहिर आलम मोहम्मद इस्लाम मोहम्मद अहमद अशरफ अली हसमद साहब सलाउद्दीन मंसूरी उपस्थित रहे

# सम्भल में सदस्यता अभियान कार्यक्रम में भिड़े सपा नेता, चन्दौसी से प्रत्याशी रहीं विमलेश कुमारी पर छींटाकशी



सम्भल- जिले में सपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम की शुरुआत से पहले ही सपा के दो नेता आपस में भिड़ गए। चन्दौसी विधानसभा क्षेत्र से सपा की प्रत्याशी रही विमलेश कुमारी मंच पर आगे जाकर बैठ गईं तो सपा नेता सतीश प्रेमी ने छींटाकशी की। इससे नाराज होकर विमलेश कुमारी भड़क गईं। दोनों ही नेताओं में तीखी नोकझोंक होने लगी। दोनों में नोकझोंक होते देख सम्भल विधायक इकबाल महमूद और असमोली विधायक पिंकी यादव बीच में आ गईं। तब जाकर मामला उस समय तो शांत हो गया लेकिन, जैसे ही पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव कार्यक्रम में पहुंचे तो विमलेश कुमारी ने उनसे शिकायत की।धर्मेंद्र यादव ने भी उनकी बात अनसुनी कर दी इससे वह नाराज हो गईं। इसके बाद सपा नेता को कई बार मंच पर बुलाया गया, लेकिन वह मंच पर नहीं गईं। इससे काफी देर तक गहमागहमी रही। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Terror be solved

The ruthlessness of terrorists is unforgivable when people in Jammu and Kashmir are engaged in celebrating Independence Day with renewed vigour. A migrant laborer from Bihar was shot dead by terrorists in Bandipora. Cowards attacked at midnight and killed young Mohammad Amrej, a resident of Madhepura. Which religion is this that kills a poor laborer? The brother of this laborer, who had gone from Bihar to earn a living, did not even have enough money to take the brother's body to his hometown. It is said time and again that violent elements target the poor because it creates panic among the rest of the migrants. Anyone in the country has the right to live in any state and earn a living, but the terrorists remaining in Kashmir do not want people from outside to come to Kashmir. What other way is there other than to eliminate such terrorists? In the new circumstances in the Valley, people coming from outside will increase, economic activity will increase, labor force will increase, it is difficult to stop it now. Therefore, the responsibility of the government remains constant. There has been a reduction in violence to a great extent, but the attacks that have taken place here are aimed at spoiling the atmosphere of August 15. The manner in which the news of the organization of Amrit Mahotsav is coming from various schools and institutions in Kashmir, the terrorists have been shocked. His latest cowardice must be accounted for. It is worth noting that since February 2019, Wednesday was also the first fidayeen attack on an army camp in Jammu and Kashmir. The government should take strict action to stop such attacks. Only the partial boycott of Pakistan will not work, the way China is increasing the audacity of the terrorists by saving them, it should also get the attention of the government. In the latest case, China on Thursday saved a Jaish-e-Mohammed terrorist Rauf Asghar from being included in the UN terrorist list. How are the countries talking big on paper tearing down civilization or humanity, how brazenly defending terrorism? Is China doing this continuously? Is he not thinking of what will be the effect on India? The Government of India and the Ministry of External Affairs should brainstorm on a solution in this matter. If the supposedly responsible countries of the world still save terrorists on technical grounds, then what will happen to the world? This question should be asked bluntly to China. India should intensify its fight against terrorism. Going beyond the policy of ignoring Pakistan, measures will have to be taken. There is a need to increase activism in some other matters related to China as well. It cannot happen that China continues to increase our troubles and we keep thinking silently. In its first response to the Taiwan crisis, India on Friday said that both sides should refrain from taking unilateral action. In fact, this statement is just an attempt to strike a balance. This is an era of countries becoming aggressive even for the fulfillment of small interests, mere worrying will not work. To end terrorism in Kashmir, all kinds of help from outside will have to be stopped. The time has come to intensify diplomatic efforts with a strategic effort to root out terrorism.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Esha Gupta made fans' hearts beat in a deep neck black fitting dress, users said - sizzling hot



Jannat 2 actress Esha Gupta is one of those Bollywood actresses who do not hold back from showing their bold side to the fans. Ashram 3 actress Esha Gupta is very active on social media and she often blows the senses of social media users with her bold look. Esha Gupta's pictures are very viral on social media. Recently, Esha Gupta has shared a picture on her Instagram, after seeing which she is not tired of praising the hotness of the actress on social media. Esha Gupta's hot avatar seen in a deep neck dress - Esha Gupta recently I have posted a picture on my Instagram, in which the super bold look of the actress is being seen. In this picture going viral on social media, Esha Gupta is seen in a tight fitting black colored dress, in which her perfect figure is visible. The dress that Esha Gupta is wearing in this picture is very deep neck. In this picture, Esha Gupta is standing on the ramp walk and there is a light of light around her. After seeing this sizzling picture of Esha Gupta, the fans are not able to take their eyes off it. Fans showered a lot of love on the pictures of Esha Gupta on social media. are looting. One user commented and wrote, 'You are so hot and beautiful, I love you'. Another user wrote, 'How do you maintain your figure so much ma'am'. Another user wrote, 'You are the hottest girl of Bollywood ma'am'. Talking about Esha Gupta's career, she started her career in Bollywood with the film Jannat 2. She was seen opposite Emraan Hashmi in this film. Recently, Esha Gupta was seen in the role of Sonia in the Bobby Deol starrer series 'Ashram 3'.

# Allu Arjun turned down the offer of liquor company after tobacco product, got a deal worth crores




South star Allu Arjun has done such a thing that from fans to followers, he is not tired of praising him. At a time when we see many celebrities advertising everything from tobacco products to alcohol, they charge huge fees in return. Allu Arjun refused to advertise the liquor company and he has turned down a deal worth crores. Earlier, Allu Arjun had refused to advertise a pan masala product. At that time also the 'Pushpa' star was appreciated. Allu Arjun set an example - from Bollywood to sports stars are followed by millions of youth in our country. The things promoted by him have an impact on a large section. South actor Allu Arjun has now become a national star. His popularity has also increased a lot with 'Pushpa'. In such a situation, every biggest company wants to make him their brand ambassador. Film columnist Manobala Vijaybalan informed that Allu Arjun has turned down a deal of Rs 10 crore. Refuses a huge deal - Vijaybalan claims that Allu Arjun refused the liquor company's offer of 10 crores. He wants to maintain his image as a family man. The actor denied the promotion of illegal and harmful drugs. He refused to support a few more companies. Vijaybalan wrote in his tweet, 'He currently charges 7.5 crores for brand endorsements. Congratulations to the star for following his principles. Fee hiked after 'Pushpa' - Allu Arjun has increased his fees after 'Pushpa'. He currently advertises companies like 'Coca Cola', 'KFC' and 'Zomato'. On the film front, the actor will soon start shooting for 'Pushpa 2'.

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करा कर मेधावी छात्राओं को आर्थिक मदद एवं पुरस्कृत



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा।शिक्षा एक मास्टर चाबी है जिससे सामाजिक न्यायिक आर्थिक सभी क्षेत्रों में ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए रास्ते खुल जाते हैं उक्त विचार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं एटा जनपद के प्रभारी मुनेंद्र पाल सिंह राजपूत ने स्वर्गीय श्री नाथू राम सा जी मेमोरियल समिति सराय जरैलिया द्वारा रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने उक्त समिति के प्रबंधक सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता एसपी सिंह ने बालिकाओं के शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करा कर मेधावी छात्राओं को आर्थिक मदद एवं पुरस्कृत करके एक अनुकरणीय कार्य किया है जिसे पिछले कई वर्षों से निरंतर करते आ रहे हैं। सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता एसपी सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा मैंने आर्थिक कमजोरी को बहुत नजदीकी से देखा है गांव की कोई भी बालिका तथा क्षेत्र की कोई बालिका पैसे के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाए ऐसा मेरा सोच रहा है उसी को पूरा करने के लिए मैं निरंतर प्रयासरत हूं। कार्यक्रम के शुभारंभ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव ने फीता काटकर किया इस दौरान व्यवस्थापक नरेश कुमार ने उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया तदोपरांत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विज्ञान वर्ग की प्रथम स्थान पाने वाली लकी चौहान राखी निवासी मुनव्वर पुर को द्वितीय स्थान आने पर 8000 रुपया ? प्रीति निवासी गोपालपुर क्षको गोपालपुर को ?6000 तथा सांत्वना प्राप्त करने वाली मेधा राजपूत को ?4000 व? शालिनी को ?4000 पूनम को 4000 रुपया तथा कला वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाली नगला जिजाई की रुचि को ?10000 आरजू निवासी नगला जिजाई। ?8000 दूसरी स्थान पाने वाली आरजू को तृतीय स्थान पाने वाली जूली को ?6000 चेक समिति के प्रबंधक श्री एस पी सिंह द्वारा हस्ताक्षरित चैक मुख्य अतिथि मुनेंद्र पाल सिंह राजपूत के द्वारा प्रदान किए गए तथा कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को सूट कथा गांव की महिलाओं को उक्त गांव की बेटियां रक्षाबंधन पर आयी उन्हें प्रदान की गई। अधीक्षण अभियंता की पत्नी ने पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं को गले में मेडल प्रदान किए कथा बुके भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन गांव के पूर्व प्रधान गुलजारी सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में गांव के ही निवासी ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश इंजीनियर भरत सिंह सहित अनेकों ग्रामीण जनों ने भाग लिया।

# एटा जिला जज के सादिग्ध में लगी लोक अदालत



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-राष्ट्रीय लोक अदालत में संदीप जैन जिला जज एटा ने फीता काट कर शुभारंभ किया

एटा जनपद बासिन्दो को लोक अदालत से भारी भरकम राहत मिलती है, आपको बताते चले कि सरकारी महकमों की देय राशि में 50प्रतिशत तक छूट मिल जाती है,आम आदमी के लिए लोक अदालत किसी बर्दान से कम नही है, लोक अदालत में इंस्टाल भारत संचार निगम लिमिटेड, ग्रामीण बैंक आफ आर्यावर्त , स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक,केरना बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक, आई0डी0 बी0आई0 बैक , यातायात , फाइनेंस कंपनी श्री राम आदि

# कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियानों, सांप्रदायिक सद्भावना आदि का उल्लेख किया




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर एसएसपी एटा द्वारा पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से उद्बोधन कर आमजन में महिलाओं बच्चों की सुरक्षा, कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियानों, सांप्रदायिक सद्भावना आदि का उल्लेख किया गया

आज दिनांक 12.08.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जनपद वासियों को उद्बोधन कर आजादी के अमृत महोत्सव व रक्षा बन्धन की शुभकामनाएं दी गई, त्यौहारों पर पुलिस प्रबन्ध, कोविड महामारी के दौरान पुलिस के द्वारा किये गये सराहनीय कार्य, महिलाओं एवं बच्चो की सुरक्षा हेतु चलाये गये विभिन्न अभियान की उपलब्धियों तथा विभिन्न कुख्यात माफिया अपराधियों एवं गुण्डों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियानों के बारे में बताया गया तत्पश्चात सभी धार्मिक समुदायों द्वारा दिये गये जन सहयोग एवं योगदान की प्रशंसा की गयी।

# कासगंज जेल में फहराया जाएगा दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित होने वाले विशिष्ट कार्यक्रमों की श्रंखला में जनपद कारागार कासगंज एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। देश के 75 वे स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर जनपद कारागार कासगंज में दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा फहराया जाएगा। यह तिरंगा झंडा 75 फुट का होगा जो दुनिया की जेलों में फहराया जाने वाला सबसे बड़ा तिरंगा झंडा होगा। कासगंज जेल में फहराए जाने वाले दुनिया के सबसे बड़े जेल तिरंगे की भूमिका को जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने तय की है। दुनिया भर की जेलों में फहराए जाने वाले इस सबसे बड़े तिरंगे झंडे को तैयार करने में विशिष्ट कारीगरों को लगाया गया है। निश्चित रूप से यह जनपद कासगंज के लिए गर्व और गौरव का क्षण है जब आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला कारागार में तिरंगा फहरा रहा होगा तो जनपद कासगंज जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन के नेतृत्व में एक नए विश्व कीर्तिमान की ओर आगे बढ़ रहा होगा। 15 अगस्त के अवसर पर जनपद कारागार



कासगंज में लहराए जाने वाले दुनिया के सबसे बड़े हैं जेल तिरंगे की तैयारियों के संबंध में बताते हुए जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने बताया कि यह निश्चित रूप से एक ऐतिहासिक अनुभूति का क्षण है। उन्होंने कहा कि वे पिछले 16 वर्षों से जेल सुधारों के क्षेत्र में काम कर रहे हैं द्य कोशिश यही रहती है कि हर आयोजन विशिष्ट हो और उसका अपना ऐतिहासिक महत्व हो ,वह कारागार सुधार के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो द्य इसी दिशा में दुनिया के सबसे बड़े जेल तिरंगे को फहराने की भूमिका बनी। उन्होंने कहा कि 75 फुट वाले इस तिरंगे मेंआजादी के विभिन्न संस्मरण छिपे हुए हैं जो बंदियों को प्रेरित करते हुए उन्हें एक सकारात्मक जीवन जीने की दृष्टि देंगे और बंदी जेल में रहते हुए अपने आप को अपराध से विमुक्त रख खुद को तराशने का काम कर आदर्श नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस झंडे को तैयार करने में अमापुर के टेलर मास्टर मोहम्मद नवेद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाजसेवी धीरज गुप्ता जी के सहयोग से दुनिया के इस सबसे बड़े जेल तिरंगे को तैयार किया गया है। ज्ञात हो कि सामाजिक कार्यकर्ता एवं जेल सुधारक डॉ प्रदीप रघुनंदन पिछले 16 वर्षों से जेल सुधारों के क्षेत्र में लगातार सक्रिय है द्य उन्हें कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं द्य वह उत्तर प्रदेश से जेल महानिदेशक की ओर से उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में सुधारात्मक गतिविधियां आयोजित किए जाने हेतु अधिकृत है। उनका लक्ष्य है कि देश भर के कारागार सुधार ग्रह की भूमिका में नजर आएं।

# आजादी के बाद इतिहास के पन्नों में सिमटे गोकुल सिंह दर्जी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शहर के निकटवर्ती गांव ककरावली के रहने वाले गोकुल सिंह दर्जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रेरणा लेकर अहिंसा के साथ जंगे आजादी में हिस्सा लिया। 1930 में जेल भी गए और जुर्माना भी भुगता लेकिन आजादी के बाद उनकी भूमिका इतिहास के पन्नों में ही सिमटकर रह गई। परिवार को आगे बढ़ने का जरिया नहीं मिल पाया। परिजन आज भी गांव में तंगहाली में जी रहे हैं। विकासखंड शीतलपुर की ग्राम पंचायत ककरावली निवासी गोकुल सिंह ने 1930 में सविनय अविज्ञा आंदोलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने एक माह के कारावास की सजा दी गई। जंग-ए-आजादी में उनके योगदान से देश को आजादी तो मिली, लेकिन उन्हें और उनके परिवार को सम्मान नहीं मिल पाया। इस वीर सपूत की सातवीं पीढ़ी गांव में खेती से गुजारा कर रही है। करीब ढाई बीघा जमीन पर खेती करने के साथ परिजन एक परचून की दुकान चला रहे हैं। सातवीं पीढ़ी के प्रेमचंद्र बताते हैं कि हमारे पूर्व गोकुल सिंह ने आजादी के लिए गांधी के साथ कई आंदोलन में हिस्सा लिया। गांव में उनके नाम से न कोई स्मारक बना और न ही परिवार को कोई नौकरी, रोजगार जैसी सहायता दी गई ।फ़ोटो गूगल से लिया गया है



# हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती स्वतन्त्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 卐आजादी का अमृत महोत्सव卐 कार्यक्रम के तहत 05 कि0मी0 भव्य हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी द्वारा हरी झंडी दिखाकर थाना कोतवाली भिनगा परिसर से शुभारंभ किया गया जो दहाना सरदार वल्लभ भाई पटेल तिराहा, ईदगाह, जिला न्यायालय, विकास भवन, पुलिस कार्यालय, कलेक्ट्रेट के सामने से होते हुए रिजर्व पुलिस लाइन में समाप्त हुआ। इस भव्य हाफ मैराथन दौड़ में क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे व पुलिस/ पीएसी के जवानों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।



# 10 ली0 नाजायज कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पंकज कुमार थानाध्यक्ष थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती मय हमराह क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि जरिए मुखबिर खास सूचना पर नथुनिया मोड़ के पास से 01 अभियुक्त नौरंग पुत्र गुलाम निवासी ग्राम बदलपुर दा0 राजगुरु जुड़पनिया थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को 10 ली0 नाजायज कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 244/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम अभियोग पंजीकृत किया।

# आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक जमुनहा में ब्लॉक प्रमुख द्वारा तथा ग्राम पंचायत बहोरवा मे तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ब्लाक प्रमुख शिवम जायसवाल के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा के कार्यक्रम के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानियों नमन कर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया राष्ट्रगीत गाकर वंदे मातरम का नारा भी लगाया गया । तथा वहां पर मौजूद लोगों को तिरंगा वितरण किया गया। प्रभारी खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत यदुनाथ पूर्व ब्लाक प्रतिनिधि दिनेश चंद्र विनय गुप्ता दोस्त तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम मे ग्राम पंचायत बहोरवा में आजादी का अमृत महा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष रामनरेश निषाद व ग्राम पंचायत बहोरवा के प्रधान राकेश कुमार सोनकर के उपस्थिति में संपन्न हुआ। आजादी महोत्सव के अंतर्गत उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई । जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण व समिति के लोग मौजूद रहे। इस मौके निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष ने बताया की आजादी के अमृत महापर्व पर हर घर में तिरंगा लगाकर आजादी का महापर्व मनाया जा रहा है इस मौके पर जगदीश प्रसाद निषाद व रामेश्वर कुमार निषाद व रमेश कुमार निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष जमुनहा राम सागर निषाद पार्टी के युवा कार्यकर्ता गण व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# भाजपा के युवा जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी सोनू भैया ने लोगों को वितरण किये झंडे



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार, शाहजहांपुर- भाजपा के युवा जिला महामंत्री विजय शंकर अवस्थी सोनू भैया ने लोगों को वितरण किये झंडे, मिलनसार व्यक्तित्व, साथ ही साथ समाज सेवा के कार्यों में भी जुड़े रहते हैं।

# हर घर तिरंगा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को अपने घर के सबसे ऊंचे स्थान पर तिरंगा लगाने के लिए जागरूक किया



सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पीलीभीत- विकासखंड अमरिया चाइल्डलाइन सब सेंटर, द्वारा ग्राम- सुस्वार में , हर घर तिरंगा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को अपने घर के सबसे ऊंचे स्थान पर तिरंगा लगाने के लिए जागरूक किया । साथ ही तिरंगा के सम्मान से संबंधित विशेष बातों से भी लोगों को अवगत कराया की झंडा लगाते समय यह ध्यान रखा जाए कि केसरिया रंग सबसे ऊपर होना चाहिए तथा झंडा बिल्कुल सीधा होना चाहिए और खुले आसमान के नीचे ही होना चाहिए, यदि नहीं है तो उसे तुरंत सही करें। हर घर तिरंगा जागरूकता रैली में ग्राम प्रधान, अध्यापक, पंचायत सहायक व चाइल्डलाइन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ज्ञान स्वरूप व टीम सदस्य भूपेंद्र कुमार, सौरभ मौर्य उपस्थित रहे। टीम द्वारा चाइल्ड लाइन 1098 के बारे में भी जागरूक किया गया कि यदि आप किसी भी बेबस, बेसहारा ,मुसीबत में फंसे बच्चे को देखें तो जिसे मदद की आवश्यकता है तो आप ऐसे बच्चे की मदद हेतु चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 डायल करें

# गोल्डन फ्लावर स्कूल में निकाली गयी तिरंगा रैली

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार, शाहजहांपुर-कस्बे में अमृत महोत्सव के तहत स्कूलों में तिरंगा रैली निकालने का अभियान चल रहा है। इसी क्रम में खुटार में गोला रोड स्थित गोल्डन फ्लावर स्कूल में तिरंगा रैली का एमडी हरदेव सिंह के निर्देश पर आयोजन किया गया।

रैली को प्रधानाचार्य पी एस मुखर्जी और उप प्रधानाचार्य राजकुमार साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक अमित मिश्रा दीपक आशीष पाण्डेय अमित वर्मा वीरेंद्र मिश्रा नीलम बाबा वर्तिका यादव अनुज शुक्ला आदि का विशेष सहयोग रहा द्य तिरंगा रैली के आयोजन में स्कूली बच्चों ने हाथ मे तिरंगा झंडा लेकर भाग लिया। रैली गोला रोड गोल्डन फ्लावर स्कूल से प्रारम्भ होकर तिकुनिया चौराहे होते हुए मेन मार्केट से वापस स्कूल आकर सम्पन्न हुई। रैली में वन्दे मातरम, भारत माता की जय,शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह,अशफाक उल्ला खां आदि के नाम लेकर जिन्दाबाद भारत माता की जय अमर रहे के नारे लगाए गए। रैली में समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार, शाहजहांपुर- नगर के बंडा रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने तिरंगा रैली निकाली विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर कृष्ण मुरारी शुक्ला ने बच्चों को तिलक लगाकर रैली को रवाना किया, रैली बंडा रोड से गोला बाईपास रोड होते हुए नगर के मोहल्ला गांधीनगर देवस्थान,चूड़ी वाली गली से होकर मेन मार्केट पहुंची,जहां से रैली पुन: बंडा चौराहे से होकर विद्यालय जाकर संपन्न हुई, इस दौरान रैली में शामिल बच्चे हम सब ने यह ठाना है, हर घर तिरंगा फहराना है। हम सब आजादी का महोत्सव मनाएंगे, घर-घर तिरंगा फहराएंगे, नारे लगाते चल रहे थे, वहीं रैली में आगे आगे चल रहे वाहन पर देशभक्ति गीत बज रहे थे, रैली में विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर कृष्ण मुरारी शुक्ला, अध्यक्ष अवधेश सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला, विद्यालय जीर्णोद्धार समिति अध्यक्ष अवनीश मिश्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह वीरपाल राठौर, नगर कार्यवाह धरम मिश्र, प्रधानाचार्य नीरज मिश्रा, अभिनव मिश्र, नितिन मिश्र, मुदित अवस्थी,अनुभव मिश्र, तथा विद्यालय के आचार्य मौजूद रहे।

# छात्र छात्राओं ने अमृत महोत्सव पर तिरंगा की रैली निकालकर ग्रामवासियों को जागरूक किया



सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-नेशनल इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने अमृत महोत्सव पर तिरंगा की रैली निकालकर ग्रामवासियों को जागरूक किया पीलीभीत तहसील अमरिया के नेशनल इंटर कॉलेज सरैंदा पट्टी कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज के समस्त स्टाफ द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा की रैली निकालकर ग्रामवासियों एवं छात्र छात्राओं को जागरूक किया

जिसमें सभी कॉलेज के स्टॉप बच्चों के साथ रैली में प्रतिभाग किया सर ख्यालीराम ओम प्रकाश असमा रूपलाल एवं छात्र-छात्राएं सुमन गरिमा रूपाली आरती अंशु संजीव अशोक आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया

## सूरजपुर जिले के विभिन्न संगठनों एवं अधिकारी कर्मचारी द्वारा हमर तिरंगा अभियान अंतर्गत रैली का आयोजन

# हर घर तिरंगा फहराने लोगों में भारी उत्साह

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- भारतीय राष्ट्रीय ध्वज पूरे देश के लिए राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। हमारे ध्वज को और सम्मानित करने के लिए.एल, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सभी प्रयासों की देख रेख करने वाले माननीय गृह मंत्री ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम को मंजूरी दी है। यह परिकल्पना भारतीय को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करता है।ध्वज के साथ हमारा संबंध हमेशा व्यक्तिगत से अधिक औपचारिक और संस्थागत होता है स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में राष्ट्र के रूप में सामुहिक रूप से ध्वज को घर लाना एक प्रकार न केवल तिरंगे से व्यक्तिगत संबंध का कार्य बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिक है। इस पहल पीछे का विचार लोगों के दिलो में देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। सूरजपुर जिले में भाजपा कार्यकर्ता बैकुंठ जयसवाल एव नागरिकों, सामाजिक संगठनों, स्वैच्छिक संगठनों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा फहराने जानकारी देकर प्रेरित किया जा रहा है आज पूरे जिले में हर घर तिरंगा अभियान का प्रारंभ हो गया है। राजीव युवा मितान क्लब एवं जिले के विभिन्न संगठनों एवं अधिकारी कर्मचारी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया।

## रक्त दान महादान है, हम सभी को समय-समय पर रक्त दान करके किसी जरूरतमंद को जीवनदान देना चाहिए- श्री आरके ओझा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- ओम सांई रक्त-दाता समिति जरही सूरजपुर के द्वारा आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर भारत के वीर शहीदों की स्मृति में स्व. गोपाल सूर्यवंशी की जयंती पर जिला चिकित्सालय सूरजपुर के सभा कक्ष में रक्त दान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर हेतु मुख्य अतिथि रेडक्रास सोसायटी जिला सूरजपुर के चेयरमैन श्री आर. के. ओझा ने अपने उदबोधन में आजादी की 75 वें अमृत महोत्सव की बधाई देते हुए बताया कि रक्त दान महादान है। हम सभी को समय-समय पर रक्त दान करके किसी जरूरतमंद को जीवनदान देना चाहिए साथ ही उन्होंने समिति के सभी सदस्यों का पुनित कार्य के लिए प्रशंसा करते हुए बधाई दी। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सिंह के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि रक्त दान करने से शरीर में किसी भी तरह की समस्याएं नहीं आती है बल्कि रक्त दान करने से हृदय रोग, उच्च रक्त चाप जैसे गंभीर बिमारियां नहीं होती है बल्कि नया रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है जो कि शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। उन्होंने यह भी बताया कि हर 3 माह बाद कोई भी रक्तदान कर सकता है आज के इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य थैलेसेमिया और सिकल सेल एनीमिया के मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना था। इस कार्यक्रम में रक्तदान करने वालों रक्तदाताओं को समिति तथा जिला चिकित्सालय सूरजपुर की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टों से पुरूस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया और समिति का यह कार्यक्रम सूरजपुर जिले के साथ-साथ रायपुर, दुर्ग, कोरबाजिले में भी किया गया। समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष विनोद शाह ने बताया कि हमारी समिति विगत 8 वर्षों से पूरे सरगुजा संभाग में जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करवाते आ रहे है;

और अब तक समिति की ओर से लगभग 3000 से अधिक उक्तदान किया जा चुका है। आज के इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के आर.एम.ओ. डॉ. विद्याभूषण टोप्पो, डॉ. दीपक जायसवाल, डॉ. आशिष स्वराज, डॉ. दीपक सिंह मरकाम, अस्पताल सलाहकार श्री निलेश गुप्ता, ब्लड टेक्नोलॉजिस्ट श्री एस.डी. पाव. श्री संतोष साहू, काऊसलर श्रीमती अंजली साहू, स्टाफ नर्स आरती सपना एक्का, टेक्नोलॉजिस्ट तपेश्वर राम के साथ-साथ ओम सांई रक्तदाता समिति के अध्यक्ष भूषण सूर्यवंशी, सचिव खेमसागर साहू, महासचिव गितांजली राजवाडे, कन्हैयालाल तथा समिति के अन्य सदस्यगण के साथ-साथ जिला चिकित्सालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आज के इस कार्यक्रम का संचालन समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष विनोद शाह के द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त समिति के उपाध्यक्ष ठाकुर राजवाडे के द्वारा किया गया।



## स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने प्रतापपुर में किया अपर कलेक्टर लिंक कोर्ट का शुभारंभ



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- अप्रैल 2022 में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सूरजपुर जिले के प्रतापपुर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान जन भावनाओं के अनुरूप प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के मांग के अनुरूप राजस्व प्रकरण सहित अन्य मामले अपर कलेक्टर संबंधित है उनका निराकरण किए जाने के लिए प्रतापपुर में अपर कलेक्टर लिंक कोर्ट प्रारंभ किए जाने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुरूप स्कूल शिक्षा मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने प्रतापपुर में अपर कलेक्टर लिंक कोर्ट का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्री कंचन सोनी, मंत्री प्रतिनिधि कुमार सिंह देव,शक्कर कारखाना अध्यक्ष श्री विद्यासागर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मंजू मिंज, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, तहसीलदार श्री प्रतीक जयसवाल, नायब तहसीलदार श्री राधेश्याम तिर्की, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, वकीलगण, राजस्व विभाग की अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रतापपुर में अपर कलेक्टर लिंक कोर्ट प्रारंभ किए जाने से प्रतापपुर क्षेत्र के नागरिकों को सूरजपुर आने से निजात मिलेगा, समय एवं आर्थिक क्षति की बचत होगी एवं प्रकरणों का निराकरण समय अवधि में हो पाएगा।

## बदायूं में हादसा: गंगा नहा रहे पांच बच्चे डूबे, एक का शव मिला, चार की बची जान



यूपी के बांदा में नाव पलटने से हुआ हादसा लोग अभी भूल भी नहीं पाए थे कि शनिवार को बदायूं में हुई घटना ने लोगों ने होश उड़ा दिए। यहां गंगा नहाने गए पांच बच्चे डूबे गए। चार बच्चे किसी तरह बाहर निकल आए। एक का शव बरामद होने के बाद इलाके में कोहराम मच गया। मामला बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र के गांव कोटरा सारगपुर का है। जानकारी के अनुसार शनिवार को कुछ बच्चे जानवर चराने के लिए गंगा नदी पार करके नूरगंज गांव की ओर गए थे। लौटते समय पांच बच्चे गंगा में नहाने के लिए चले गए। नहाने के दौरान बच्चे गहरे पानी में समा गए। देखते ही देखते सभी डूबने लगे। इसकी जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को मिली तो वह मौके पर दौड़ पड़े। इस बीच चार बच्चे किसी तरह पानी से बाहर निकल आए लेकिन एक बच्चा नदी में ही डूब गया। एक बच्चे का शव नदी से बाहर आया तो परिवार में कोहराम मच गया।

# चंडीगढ़ में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड, क्रिकेट स्टेडियम में 7000 छात्रों ने बनाया ह्यूमन तिरंगा




आगामी 15 अगस्त को देश की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर देशभर में आज से हर घर तिरंगा यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। इस बीच चंडीगढ़ में तिरंगा को लेकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। जानकारी के अनुसार, यहां एक क्रिकेट स्टेडियम में ह्यूमन चेन के साथ तिरंगा लहराया गया। इस तिरंगे में 7000 छात्रों ने ह्यूमन चेन बनकर वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपनी भूमिका निभाई। 15 अगस्त को देश को आजाद हुए 75 साल पूरे हो जाएंगे। इसलिए इस साल केंद्र सरकार की मुहिम के तहत देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आज से हर घर तिरंगा यात्रा भी शुरू हो चुकी है। इस बीच चंडीगढ़ में सेक्टर 16 स्थित क्रिकेट स्टेडियम में सबसे बड़े ह्यूमन चेन के साथ तिरंगा लहराया गया। इस चेन में 7000 छात्रों ने भाग लिया। केंद्रीय संस्कृति मंत्री मीनाक्षी लेखी, चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित और पहलवान योगेश्वर दत्त (ओलंपिक पदक विजेता) एनआईडी फाउंडेशन और चंडीगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्टेडियम पहुंचे। पुरोहित ने सभी प्रतिभागियों को इस उपाधि को प्राप्त करने के लिए बधाई दी और लोगों से अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आग्रह किया। छात्रों ने हवा में तिरंगे जैसी आकृति भी बनाई, जबकि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम की मौजूदगी में खुद को ह्यूमन तिरंगा के लिए कतारबद्ध किया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स एडजुडिकेटर के एक अधिकारी स्वप्निल डांगरीकर, जो इस कार्यक्रम में भी मौजूद थे, ने रिकॉर्ड का सत्यापन किया और कहा, 卐राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए सबसे बड़ी मानव छवि के लिए पिछला विश्व रिकॉर्ड अबूधाबी में जीईएमएस एजुकेशन के नाम था। जिसे चंडीगढ़ में बनी इस ह्यूमन चेन ने तोड़ दिया है।

## पिछला रिकॉर्ड कब बना था

संयुक्त अरब अमीरात ने 2017 में 4130 लोगों के साथ ह्यूमन राष्ट्रीय ध्वज के साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने कहा कि विश्व रिकॉर्ड के सफल निर्माण के साथ भारत के स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर पूरी दुनिया को एक महान संदेश दिया है। 卐यह आयोजन मेरी कल्पना से भी बड़ा हो गया है। मैं चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के चांसलर और एनआईडी फाउंडेशन के प्रमुख संरक्षक एस सतनाम सिंह संधू को हार्दिक बधाई देता हूं, जिनकी टीम ने यह उपलब्धि हासिल की है।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर
की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर
रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# मेस के खाने पर फूट-फूट कर रोने वाले सिपाही को भेजा गया छुट्टी पर, सिपाही का आरोप, पागल साबित करना चाहते हैं अधिकारी



यूपी के फिरोजाबाद के सिपाही मनोज कुमार को पांच दिन की छुट्टी पर भेज दिया है। मनोज कुमार ने हाल ही में मेस के खाने पर सवाल उठाए थे। सोशल मीडिया पर मनोज कुमार रोते हुए खाने की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए थे। दूसरी तरफ सीओ लाइन हीरालाल कनौजिया इस मामले की जांच कर रहे हैं। शुक्रवार को मनोज कुमार कुमार ने बताया कि उसे जबरदस्ती छुट्टी पर भेज जा रहा है इसके अलावा उसकी नौकरी भी खतरे में है। उसने दावा किया है कि खाने की शिकायत की वजह से उसे आगरा ले जाया गया। जहां उसे मानसिक रूप से बीमार घोषित करने की कोशिश की गई। सिपाही का आरोप है कि उसके साथ बदसूलूकी की गई। मनोज कुमार ने वीडियो बनाकर प्रताड़ित की जाने की बात कही। 26 साल के मनोज कुमार ने बताया, 卐वरिष्ठ अथिकारी मुझे मानसिक रूप से अस्वस्थ घोषित करके इस मामले को छिपाना चाहते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मेरे सा था एक कमरे में बंद करके मारपीट की गई। मेरा फोन छिना गया और सारा डेटा डिलीट कर दिया गया। मैं मीडिया से बात न करन की चेतावनी देते हुए अवकाश पर भेज दिया गया है जबकि मैंने छुट्टी के लिए कोई आवेदन नहीं किया था।卐इस मामले पर फिरोजाबाद के एसएसपी आशीष तिवारी ने कहा कि कांस्टेबल ने छुट्टी के लिए आवेदन किया था जिसे मंजूर कर लिया गया। मेस में परोसे जाने वाले भोजन की भी जांच चल रही है। बुधवार को फिरोजाबाद पुलिस ने कहा कि पिछले कुछ सालों में 15 बार अनुशासनहीनता और लापरवाही समेत विभिन्न कारणों से मनोज कुमार पर कार्रवाई हुई है।

## बुधवार को हुआ था वीडियो वायरल

अलीगढ़ का मनोज कुमार पुत्र भगवती प्रसाद पुलिस लाइन में कांस्टेबल है और वर्तमान में उसकी ड्यूटी कोर्ट में लगी हुई है। बुधवार को उसका वीडियो वायरल हो गया जिसमें वह थाली में रखी दाल को दिखा रहा है। पानीनुमा दाल को लेकर गुस्सा जता रहा है। इसके अलावा रोटियों को दिखाया कि ये कच्ची रोटियां कैसे खाएं। उसने कहा कि आठ घंटे तक ड्यूटी देने के बाद ये भोजन मिलेगा तो कैसे स्वास्थ्य बेहतर हो पाएगा।

# मेरठ पहुंचे जेपी नड्डा, पांच हजार बाइकों के साथ शहर में निकाली तिरंगा यात्रा



आजादी के अमृत महोत्सव के बीच शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मेरठ पहुंचे। शनिवार शाम को शहर में नड्डा तिरंगा यात्रा निकली। पांच हजार बाइक के साथ नड्डा ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। वह अमर जवान ज्योति भी गए और 1857 की क्रांति के नायकों का पुण्य स्मरण किया। वहीं पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि हमारा तिरंगा देश के विकास और उत्थान का प्रतीक है।आजादी के अमृत महोत्सव के बीच शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मेरठ पहुंचे। शनिवार शाम को शहर में नड्डा तिरंगा यात्रा निकली। पांच हजार बाइक के साथ नड्डा ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। वह अमर जवान ज्योति भी गए और 1857 की क्रांति के नायकों का पुण्य स्मरण किया। वहीं पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि हमारा तिरंगा देश के विकास और उत्थान का प्रतीक है।